Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to improve internet services in Chhota Udaipur Parliamentary Constituency, Gujarat - Laid.

श्रीमती गीताबेन वजेसिंहभाई राठवा (छोटा उदयपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र, छोटा उदयपुर (गुजरात) में BSNL नेटवर्क की बहुत बड़ी समस्या है । नेटवर्क की समस्या होने के कारण लोगों का एक दूसरे से संपर्क करने में काफी परेशानियाँ होती हैं ।

साथ ही वर्तमान समय में डिजिटल इंडिया होने के कारण सारे कार्य ऑनलाइन हो रहे हैं । लेकिन नेटवर्क की समस्या के कारण सारे कार्यों में बाधा उत्पन्न होती हैं ।

मेरे संसदीय क्षेत्र के छोटा उदयपुर, पंचमहल, तथा नर्मदा जिले के ग्रामीण क्षेत्र में नेटवर्क की सुविधा बिलकुल भी नहीं हैं तथा नर्मदा जिले के कुछ स्थानों पर नेटवर्क हैं परंतु फ्रिक्वेन्सी कम होने के कारण नेटवर्क कार्य नहीं करती हैं ।

मेरे संसदीय क्षेत्र पहाड़ी इलाका होने के कारण अधिक फ्रिक्वेन्सी की आवश्यकता हैं ।

मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करती हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र छोटा उदयपुर में BSNL नेटवर्क में सुधारकर नेटवर्क की फ्रिक्वेन्सी को बढ़ाया जाए, जिससे लोगों को संपर्क करने में परेशानी न हो और डिजिटल इंडिया का सपना भी साकार हो सकें ।